**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 12.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है।
2. श्री विजयपुरम को "स्वच्छ शहर – केंद्र शासित प्रदेश– उभरता हुआ स्वच्छ शहर" श्रेणी के अंतर्गत विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
3. विश्व निमोनिया दिवस के उपलक्ष्य में आज से द्वीपसमूह में सांस अभियान चलाया जा रहा है।
4. राज्य पुस्तकालय में 14 से 20 नवंबर तक 'राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><>

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिन हर साल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा आकाशवाणी के माध्यम से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन की याद में मनाया जाता है। प्रसारण के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण दिन है; 1947 में इसी दिन महात्मा गांधी ने नई दिल्ली स्थित ब्रॉडकास्टिंग हाउस का अपना पहला और एकमात्र दौरा किया था।

<><><><><><><><>

जनजातीय कार्य मंत्रालय आज से नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में दो दिन के राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव आयोजित कर रहा है। यह महोत्सव जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में किए जा रहे कार्यक्रमों का हिस्सा है। इस महोत्सव का उद्देश्य देश की समृद्ध जनजातीय साहित्यिक परंपराओं को बढ़ावा देना, जनजातीय भाषाओं और मौखिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना है। महोत्सव के उद्घाटन सत्र में जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम शामिल होंगे। मंत्रालय ने बताया कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप है।

<><><><><><><><>

नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 पुरस्कार समारोह में श्री विजयपुरम शहर को "स्वच्छ शहर – केंद्र शासित प्रदेश– उभरता हुआ स्वच्छ शहर" श्रेणी के अंतर्गत विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा केंद्रीय आवास एवं शहरी

कार्य मंत्री मनोहर लाल, आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार शहरी विकास सचिव पूर्वा गर्ग, श्री विजयपुरम नगरपालिका सचिव कमलेश्वर राव एस., परिषद की अध्यक्षा एम. वसंता, और अधीक्षण अभियंता अविनाश कुमार सिंह ने ग्रहण किया गया। यह पुरस्कार सभी सफाईमित्रों को समर्पित किया गया है।

<><><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग की ओर से श्री विजयपुरम और उसके आसपास के क्षेत्रों में 21 नवंबर को हेरिटेज वॉक – कालापानी ट्रेल का आयोजन किया जाएगा। यह वॉक सुबह साढ़े पांच बजे से सात बजे तक चलेगा। इस वॉक का संचालन स्थानीय इतिहासकार प्रणब सरकार करेंगे। हेरिटेज वॉक अल्लामा फ़ज़ल–ए–हक़ खैराबादी की मज़ार से शुरू होकर – महिला कैदी बैरक – सरकारी प्रेस – ब्लेसिंगटन– जे.एन.आर.एम. और बैटल ऑफ अबरडीन स्मारक तक जाकर सम्पन्न होगी। यह हेरिटेज वॉक सभी के लिए खुला है। इस वॉक के माध्यम से प्रतिभागियों को श्री विजयपुरम के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों के इतिहास, वास्तुकला और कहानियों की जानकारी मिलेगी। इसमें शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति 19 नवम्बर तक कला और संस्कृति विभाग से संपर्क कर सकते हैं। विभाग की ओर से नियमित रूप से 'हेरिटेज वॉक' का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से द्वीपसमूह में संचालित सभी डेयरी फार्मों और गौशालाओं के मालिकों एवं संचालकों को पर्यावरणीय नियमों और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संशोधित 'डेयरी फार्मों और गौशालाओं के पर्यावरण प्रबंधन संबंधी दिशा–निर्देशों' का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इन दिशा–निर्देशों में मवेशियों के गोबर, चारे के अवशेषों और अपशिष्ट जल के अनुचित संचालन, प्रबंधन और निपटान से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को रोकना तथा वैज्ञानिक और टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा शामिल है। सीपीसीबी के दिशानिर्देशानुसार, 500 से अधिक पशुओं वाले डेयरी फार्मों को लाल श्रेणी में, 101–500 पशुओं और 15–100 पशुओं वाले डेयरी फार्मों को नारंगी श्रेणी में, जबकि गौशालाओं को हरी श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

<><><><><><><><>

आज विश्व निमोनिया दिवस है। इस उपलक्ष्य में बच्चों में होने वाले निमोनिया से बचाव एवं देखभाल के लिए आज से 28 फरवरी, सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज निमोनिया सक्सेसफुली–सांस अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष का विषय "निमोनिया नहीं, तो बचपन सही" रखा गया है। इस अभियान का लक्ष्य निमोनिया से सुरक्षा, रोकथाम और उपचार पर जागरूकता बढ़ाना है। आम जनता से पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया के मामलों की शुरुआती पहचान के लिए सामुदायिक स्तर पर कार्यरत एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित राज्य पुस्तकालय में 14 से 20 नवंबर तक 'राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। इस सप्ताह भर चलने वाले समारोह के अंतर्गत शिक्षा निदेशालय द्वारा कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के लिए पुस्तक प्रदर्शनी तथा चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण और कहानी सुनाने जैसी विभिन्न साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन 14 नवंबर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। यह पुस्तक प्रदर्शनी आम जनता के लिए खुली रहेगी।

<><><><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के आज सुबह साढ़े सात बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज में में 360 से अधिक यात्री सवार हैं। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा। अपनी अगली यात्रा पर यह जहाज 16 नवम्बर को श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामान का लदान 15 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज रवानगी के दिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा। जहाज सुबह 10 बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><><>

पर्यटन विभाग, की ओर से 'रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' योजना के अंतर्गत फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और कैमरा संचालन पर आयोजित 8 दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम का कल समापन हो गया। यह कार्यक्रम  भारतीय फोटोग्राफी संस्थान, नोएडा के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने पेशेवर कैमरा संचालन, डिजिटल फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, ड्रोन इमेजिंग और पोस्ट–प्रोडक्शन वर्कफ़्लो के साथ–साथ अंडरवाटर फोटोग्राफी और एस्ट्रो–फोटोग्राफी जैसे विशिष्ट क्षेत्रों मे प्रतिभागियों को जानकारी दी। समापन सत्र को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत श्याम नगर के प्रधान आलोक मृधा ने स्थानीय युवाओं के लिए स्थायी और आजीविका के अवसर सृजित करने में पेशेवर फोटोग्राफी की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सभी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

भारतीय मानक ब्यूरो, चेन्नई शाखा कार्यालय ने नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय के सहयोग से हाल ही में मानकीकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों, सरकारी अधिकारियों और औद्योगिक कर्मियों को भारतीय मानकों, गुणवत्ता, सुरक्षा, मानकीकरण और उपभोक्ता संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए नागरिक आपूर्ति निदेशक युवा पीढ़ी के बीच गुणवत्ता के प्रति जागरूकता और मानकीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। बीआईएस चेन्नई शाखा के उप निदेशक पक्की बालू ने तकनीकी सत्र को संबोधित किया।

<><><><><><><>